पो. रजि. नं. जयपुर सिटी/011/2024-2026, आरएनआई रजि नं. 48910/91 fb/seemasandesh1951 seemasandesh1951@gmail.com 0141-2700113 ■ जयपुर-श्रीगंगानगर (राज.) से एक साथ प्रकाशित ■ जोधपुर, कोटा, नागौर से प्रसारित

1951 से स्थापित

सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की

हाथी-घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की

नंद के आनंद भयो जय यशोदा लाल की

■ वर्ष : 34 ■ अंक : 56 ■ मूल्य : रु. 2.00 ■ पृष्ठ : 08 जयपुर, सोमवार, 26 अगस्त, 2024 ऑनलाइन पढ़ें : epaper.seemasandesh.in

चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, अलवर, दौसा, कोटपूतली, धौलपुर, संदेश

सीरी में राष्ट्रीय खेल दिवस 2024 के उपलक्ष्य में 28 व 29 अगस्त को विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन

पिलानी (सीमा सन्देश सं)। सीएसआईआर - केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्?थान (सीरी), पिलानी में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 28 व 29 अगस्त को विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन भारतीय खेल जगत के महानायक मेजर ध्यान चंद की स्मृति में किया जा रहा है, जिनकी खेल में अतुलनीय योगदान को राष्ट्रव्यापी सम्मान दिया जाता है।भारत सरकार की ₹खेलो इंडिया₹ और फिट इंडिया मूवमेंट जैसी महत्वपूर्ण पहलों को बढ़ावा देते हुए, भारत सरकार और सीएसआईआर मुख्यालय के निदेशासनुसार सीएसआईआर-सीरी राष्?ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन कर रहा है। इस पहल का उद्देश्य युवा पीढ़ी को खेलने के लिए प्रोत्साहित करना और फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाते हुए एक स्वस्थ एवं सशक्त समाज का निर्माण करना है।